हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 14 जून 2025



# अवैध उत्खनन के लिए होटल में बना प्लान, सीडीआर से खुल रहे सिंडिकेट के तार

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, कुछ रसूखदारों के भी सामने आ रहे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन और गोलीकांड के मामले में पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। वहीं मध्यप्रदेश के कई शहरों में छापामारी कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस बीच पुलिस की जांच में सिंडिकेट से जुड़े कुछ रसूखदारों के नाम भी सामने आने की चर्चा है। वहीं जांच में यह भी सामने आ रहा है कि सोमनी के एवन प्लाजा होटल में तस्करों की एक बैठक में अवैध उत्खनन का प्लान तैयार किया गया था।इधर पुलिस द्वारा आरोपियों के मोबाइल का सीडीआर भी चेक किया जा रहा है।

जिसमें सिंडिकेट का पूरा नेटवर्क भी सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी से लगे शहर के मोहड़ वार्ड में पिछले बुधवार को रेत का अवैध उत्खनन का विरोध करने पर वार्डवासियों पर तस्करों ने गोली चला दी थी। इस मामले में मोहड़ वार्ड में बवाल की स्थिति भी निर्मित हो गई थी। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं वार्ड के भाजपा पार्षद सहित दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस पूरे मामले में कई आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर सहित कुछ शहरों में पुलिस ने छापामारी की है, जहां आरोपियों के संबंध में कई सुराग भी हासिल हो गए हैं।

### अवैध खनन का गढ़ बना जिला

राजनांदगांव जिला पिछले एक दशक में रेत और मुरूम के अवैध उत्खनन और परिवहन का गढ़ बना है। हालात यह है कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण में एक सिंडिकेट द्वारा व्यापक पैमाने पर रेत और मुरूम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिलेभर से आए दिन शिकायतें सामने आने के बाद खनिज अमला कार्रवाई करने के बजाय वसूली में व्यस्त चल रहा है।



### आधी रात तक बनी थी रणनीति

पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि हफ्तेभर पहले सोमनी के एवन प्लाजा होटल में तस्कर जुटे थे। जिसमें मध्यप्रदेश के अलावा राजनांदगांव के भी कुछ लोगों के उपस्थित होने की जानकारी मिल रही है। आधी रात तक चली इस बैठक में ही मोहड़ वार्ड में रेत का अवैध उत्खनन करने की रणनीति तैयार की गई थी। पुलिस इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए आरोपियों के मोबाइल सीडीआर की भी जांच कर रही है। इसके अलावा कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### किसके कहने पर एमपी से आए थे शूटर

अवैध रेत उत्खनन के लिए मध्यप्रदेश के शूटरों को भी यहां बुलाया गया था। अविभाजित जिले में ऐसा पहली बार हुआ है, जब रेत माफियाओं ने इस अवैध कारोबार के लिए लोगों पर फायरिंग की है। पुलिस इस बात की पतासाजी करने में भी जुटी है कि आखिर शूटर किसके कहने पर यहां आए थे? यही नहीं उन्हें किसका संरक्षण था?

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 18 पौवा बरामद



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आरोपियां से 18 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 11 जून को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मुंगलानी रोड साहू किराना स्टोर के पास लालबहादुर नगर में एक महिला अपने हाथ में एक प्लास्टिक की थैली में अवैध रूप से शराब रखी है, जो अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अवैध शराब बिक्री कर रही है। सूचना पर हमराह स्टाप एवं गवाहन के मौके पर रेड कार्रवाई की। मौके एक महिला लाल-नीले रंग का थैला पकड़े खड़ी थी। पुलिस ने आरोपी महिला 26 वर्ष से प्लास्टिक के थैला में रखा 18 पौवा शोले प्लेन देशी शराब प्रत्येक पौवा में 180 मिली व शराब बिक्री रकम 400 रुपए जुमला कीमती 1840 रुपए को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मामला जुर्म जमानतीय होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

### मोहड़ गोलीकांड : कांग्रेस ने गठित की जांच समिति

**राजनांदगांव।** मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन का विरोध करने पर वार्डवासियों के साथ की गई मारपीट और फायरिंग की घटना से राज्य का सियासी पारा भी गर्म हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज इस घटनाक्रम की जांच के लिए छह सदस्यीय टीम गठित की है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन का विरोध करने पर रेत माफियाओं द्वारा फायरिंग की गई। जिससे तीन वार्डवासी घायल हुए हैं। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जांच के लिए समिति गठित की है। जिसमें विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू और शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

### 15 को जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला झेरिया धोबी (रजक) समाज की जिला स्तरीय बैठक 15 जून को दोपहर 12 बजे राजनांदगांव स्थित चिखली पुलिस चौकी के पीछे दीनदयाल नगर के जिला सामाजिक भवन में रखा गया है। राजनांदगांव जिला झेरिया धोबी रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी दिवस पर जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन करना एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा किया जाना है। उन्होंने बैठक के लिए जिला पदाधिकारियों सहित समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारियों को उपस्थित होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी जिला सचिव रोहित निर्मलकर एवं जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग चला रहा विशेष अभियान

# खाद्य पर पैकेजिंग का कितना असर ? जांच के लिए राजस्थान भेजे गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में स्थानीय स्तर पर बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि उसकी पैकिंग में रहने के बाद खाद्य पदार्थ पर पड़ने वाले असर को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग विशेष अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत जिलेभर के अलग-अलग जगह से पैकेजिंग फूड के सैंपल लिए जा रहे हैं और इस सैंपल को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई की लैब राजस्थान भेजा जा रहा है।

जिले में नमकीन फैक्ट्री से लेकर पानी पाउच, पानी बोतल, कोल्डड्रिंक, तोश, बिस्किट की दर्जनों फैक्ट्रियां हैं। इन फैक्ट्री में खाद्य गुणवत्ता की जांच समय-समय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के माध्यम से की जाती है, लेकिन इस नए अभियान में फैक्ट्री द्वारा अपने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के एक्सपायरी डेट के समीप तक पैकेट में बंद रहने के दौरान खाद्य की गुणवत्ता पर कितना प्रभाव पड़ा, इसके लिए भी खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क दिखाई दे रहा है। विभाग द्वारा पैकेट बंद और बोतल बंद खाद्य पदार्थों की जांच का सिलसिला शुरू किया गया है।






### न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स की जांच

खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के कुछ नामी फैक्ट्रियों के नमकीन, पानी बॉटल, बच्चों के न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स, मिल्क पावडर सहित दर्जनभर खाद्य पदार्थों को विशेष जांच परीक्षण के लिए एफएसएसएआई के लैब राजस्थान भेजा है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अब तक जिलेभर से 10 सैंपल भेजे गए हैं और अन्य जगहों से भी सैंपल एकत्रित किए जा रहे हैं।

### नहीं हो पाती है जांच

जिले में संचालित कई फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से एफएसएसएआई का प्रमाण पत्र ले लिया जाता है, लेकिन प्रोडक्ट की जांच नहीं हो पाती है। ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा विभाग सीधे एफएसएसएआई को ही प्रोडक्ट की जांच के लिए भेज रहा है।

### नकली पैकेजिंग की हो रही पड़ताल

खाद एवं औषधि विभाग द्वारा लोकल प्रोडक्ट के अलावा बाहर से आने वाले ब्रांडेड कंपनियों के पैकेज फूड के सैंपल भी जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जिसमें ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर लोकल नकली पैकेजिंग का पता भी चलेगा।

### जांच से पता चलेगा असर

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि जो लोकल फैक्ट्री के पैकेजिंग मैटेरियल है, इसकी क्वालिटी टेस्टिंग के लिए एफएसएसएआई की क्वालिटी टेस्टिंग लैब भेजा जा रहा है, ताकि यह देखा जा सके कि इन खाद्य पदार्थ पर पैकेजिंग मटेरियल का प्रभाव किस स्तर का होता है। उन्होंने बताया कि पैकेजिंग मटेरियल की क्वालिटी टेस्टिंग के लिए जिले से 10 अलग-अलग सैंपल भेजे गए हैं।

### पैकेट फूड पर मौसम का असर

जिले के फैक्ट्री में निर्मित पैकेट बंद खाद्य पदार्थ रिटेल काउंटर पर धूप, गर्मी के बीच रखे रहते हैं। ऐसे में पैकेट पर लिखी एक्सपायरी डेट तक खाद्य की गुणवत्ता खराब होती है, लेकिन ग्राहक केवल पैकेजिंग डेट देखकर खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं, जो कभी-कभी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी होता है।

### प्लास्टिक का कितना असर

अब तक होटल और मिष्ठान भंडार में जाकर खुले खाद्य सामग्रियों की जांच होती थी, लेकिन अब खाद्य सुरक्षा विभाग पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के लिए भी सतर्क है। विभाग के इस अभियान से नमकीन की झिल्लियों, प्लास्टिक की बोतल, ढक्कन, पानी पाउच की झिल्ली खाद्य पदार्थ पर कितना असर डालती है, यह जांच से सामने आएगा।

# युवती को चाकू दिखाकर जान से मारने की दी धमकी, आरोपी पकड़ाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लेकर आम जगह में भय का वातावरण बनाने एवं एक युवती को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जून के रात्रि 9 अपने स्कूटी से सामान लेने के लिए गई थी, तभी कमला कॉलेज चौक स्टेट बैंक एटीएम के पास आरोपी रविकांत सोनी हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले को चाकू दिखाकर चमका रहा था। उसे भी रोकने का प्रयास, किन्तु वह वहां से अपनी स्कूटी को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के घर में शरण लिया, जहां पर आरोपी रविकांत सोनी आकर इसे जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### चाकू बरामद, जेल दाखिल

बसंतपुर पुलिस ने इस मामले में आरोपी रविकांत सोनी 24 वर्ष निवासी सृष्टि कालोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, महिला आरक्षक मनेका साहू एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# बिना नोटिस मकान खाली कराने का विरोध

## नजूल भूमि पर काबिज कैलाश नगर के परिवारों ने सड़क पर उतरकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना नोटिस नजूल भूमि पर काबिज परिवारों को हटाए जाने के मामले में आज कैलाश नगर के झुग्गी बस्ती के निवासियों ने मठपारा रोड पर चक्काजाम कर दिया। कड़ी धूप में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों को लेकर सड़क पर डटी रही। शहर के कैलाश नगर मठपारा रोड के मोड पर लगभग 40-45 परिवार निवासरत हैं। इनमें से 32 परिवारों को मकान खाली करने का आदेश नजूल से जारी होना बताया जा रहा है। यहां निवासरत शमा खातून, रामबाई देवांगन, अफजल हुसैन सहित अन्य लोगों ने बताया कि आज दोपहर लगभग 12 बजे 50-60 पुलिस वाले आए और घर से निकलने कहते हुए कुछ घरों का सामान बाहर निकालने लगे। उन्होंने कहा कि उनका परिवार यहां 80-90 सालों से रह रहा है। जिसका उन्हें पट्टा भी मिला हुआ है, मकान खाली करने कोई नोटिस दिए बगैर ही कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी घरों को खाली करवाने का प्रयास हुआ था। जिसके बाद वह न्यायालय की शरण में गए थे, जहां से केस भी जीता था। ⏩ शेष पेज 4 पर



### पुलिस बल मांगा गया था

नजूल का मामला कोर्ट में चल रहा था। मकान खाली कराने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की गई थी, उसके लिए पुलिस बल भेजा गया था। लोगों ने नोटिस नहीं मिलने की बात कही है। - **पुष्पेंद्र नायक,** सीएसपी

### बिना नोटिस कार्रवाई अनुचित

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि इस झुग्गी बस्ती में 16 परिवारों को 30 साल का पट्टा मिला हुआ है। बाकी परिवारों को अस्थाई पट्टा है, जिस पर प्रशासन बिना नोटिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग दो बार केस भी जीत चुके हैं, इस पर स्टे लगा हुआ है। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन लोगों के घरों का सामान फेंक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा गरीबों के घर तोड़ने का काम करती है, यह कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि नजूल भूमि पर लोग बसे हैं, यह कार्रवाई करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उनके व्यवस्थापन और मुआवजे को लेकर भी कुछ नहीं बताया जा रहा है।

# नाबालिग ओडिशा में मिली, भगाकर ले जाने वाला आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर आरोपी अपने साथ ले गया था। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने नाबालिग बालिका को उड़ीसा से बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 मई को डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से नवबालिक बालिका घर में बिना बताए चले जाने, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा- 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण के अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते टीम तैयार कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश में जुट गए।

### आरोपी पर कार्रवाई

पतासाजी के दौरान तकनीकी सहयोग से अपहृत बालिका का पता उड़ीसा ग्राम बंधागांव जिला कालाहाड़ी में पता चलने से तत्काल एक टीम तैयार कर परिजन के साथ रवाना किया गया, जहां उड़ीसा पुलिस के साथ उड़ीसा ग्राम बंधागांव जिला कालाहाड़ी में अपहृता का पता तलाश किया गया। आरोपी तुलसी दीप 24 वर्ष निवासी ग्राम बंधागांव जिला कालाहाड़ी उडीसा के कब्जे से बालिका को बरामद किया गया। पीड़ित बालिका के कथन पश्चात प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा-137(2) 64(2) (उ) बीएनस 4, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## आज से बढ़ेगा दक्षिण-पश्चिम मानसून, तापमान 39.5 डिग्री पर

# बस्तर में अटका मानसून, आज से बढ़ेगा आगे 72 घंटे के भीतर जिले में दस्तक के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून का इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर है। पिछले करीब दस दिनों से बस्तर पहुंचकर अटका हुआ मानसून अब आगे बढ़ने वाला है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से बने हालात के चलते अब मानसून की गतिविधियां बढ़ती नजर आएगी। अगले 72 घंटों में ही मानसून जिले में दस्तक दे सकता है। मानसून के आने से तापमान में भी गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में दक्षिण-पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। एक द्रोणिका पश्चिम मध्य अरब सागर से दक्षिण तटीय उडीसा तक 3.1 और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर किलोमीटर पर स्थित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 66 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल 14 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने तथा उत्तरी भाग में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### खास बातें

- अधिकतम पारा में भी आएगी 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट
- अब तक सामान्य से कम बारिश



### खेती की तैयारियां पूरी

जिले के अधिकांश इलाकों में किसान इस खरीफ सीजन धान की फसल लेने वाले हैं। किसान हल लेकर खेतों की जुताई कार्य में जुट चुके हैं। वहीं अधिकतर किसान बारिश के इंतजार में है। जैसे ही बारिश होगी और खेत गीला होगा, हल और टैक्टर के जरिये जोताई करेंगे। ऐसे में अब मानसून के एक्टिव होने के आसार बनने से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं।

# सड़क की मांग पर चक्काजाम पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पिछले दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर चक्काजाम करने का मामला

ग्राम कोपेडीह, आरगांव, बोदेला सड़क निर्माण की मांग को लेकर कोपेडीह चौक में धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करने के मामले में पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लगभग 70-75 ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस चौकी तुमडीबोड क्षेत्रातंर्गत 12 जून को ग्राम कोपेडीह, आरगांव, बोदेला सड़क निर्माण की मांग को लेकर कोपेडीह चौक में ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी किया जा रहा था।

**आवागमन किया बाधित**

धरना प्रदर्शन के दौरान लगभग 70-75 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सड़क निर्माण की बात को मनवाने के लिए नारेबाजी करते राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 के दोनों तरफ से रोककर आने-जाने वाले मालवाहक, यात्री गाड़ी, एम्बुलेंस तथा अन्य लोगों को करीबन एक घंटा बाधित करने वालों के विरूद्ध पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा अपराध धारा 191(2), 126(2) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है। उक्त अज्ञात आरोपीगणों की पता तलाश कर अग्रिम कार्रवाई की जाती है।

## खबर संक्षेप

### नाली में गिर रही मिट्टी

**चिचोला**। नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है जिससे आने वाले दिनों पानी निकासी में समस्या आ सकती है। खातूटाला बैराज से पानी निकासी और किसानों की सुविधा के लिए नाली का इस साल कांक्रीट किया गया है किन्तु नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है। किसानों ने बताया कि मिट्टी गिरने से पानी निकासी में दिक्कत आ सकती है। उन्होंने बताया कि चिचोला से रंगीटोला, नागरकोहरा की ओर जाने वाले नाली में मिट्टी गिर गई है। मरम्मत नहीं कराया गया तो बरसात के दिनों में पानी सप्लाई में परेशानी आ सकती है।

### बरगांव में गायत्री दीप महायज्ञ संपन्न



**डोंगरगांव**। बरगांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता की आरती से नीलिमा सिन्हा ने किया। तत्पश्चात जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने मानव जीवन की गौरव गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को भगवान ने इस धरती पर राजकुमार बनाकर भेजा है किंतु मानव आज दिन दुखी बनकर जीवन व्यतीत कर रहा है। जिस प्रकार मृग की नाभि में कस्तूरी होती है किन्तु उसे उसका ज्ञान नहीं होता है इसी प्रकार मनुष्य के अंदर ज्ञान और विज्ञान सब कुछ है किन्तु वह जानता नहीं है। उन्होंने नियमित रूप से गायत्री मंत्र जाप, स्वाध्याय करने, नशा नहीं करने, मोबाइल का सदुपयोग करने का संकल्प दिलाया। तत्पश्चात गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुति समर्पित कर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच धनेश्वरी उइके, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, तेजू साहू, तीजन श्रीवास आदि शामिल हुए। पहले पालकों को चखाएं फिर बच्चों को खिलाएं

### रसोइयों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन बनाने का प्रशिक्षण

**डोंगरगांव**। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं राज्य के मध्य हुए एमओयू के तहत गत दिनों ब्लाक मुख्यालय में 350 रसोइया को प्रशिक्षण पीएमश्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव के सानिध्य में मास्टर ट्रेनर संजय काले ने रसोईयों को फ़ूडसेफ्टी से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बच्चो को गुणवत्तापूर्ण भोजन मीनू अनुसार देने पर जोर दिया। उन्होंने नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पूर्व भोजन कक्ष को साफ करने, भोजन बनाने के पहले हाथों को साफ करने, बच्चो को भोजन परोसने के पहले शाला समिति, पालक समिति या गांव समिति के किसी भी सदस्य को भोजन चखाने आदि की जानकारी दी। इस मौके पर सेजेस के प्रभारी प्राचार्य श्री देवांगन, आरके गणवीर, एनके देवांगन, देवेंद्र साहू, डामन साहू, विजय जैन, भीमकुमार निषाद, अंबिका कुँवर, फिनेश कोमरे, नेमीचंद साहू आदि मौजूद थे। यह जानकारी राहुल जैन ने दी।

## समस्याएं हल करने प्रशासन की पहल

# मौके पर सुलझी समस्याएं शिविर से किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुमर्दा

तहसील क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार आकांक्षा साहू के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शुक्रवार को स्थानीय तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व शिविर में सभी पटवारी हल्के के टेबल में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली और समय-सीमा में नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वयं ग्रामीणों के आवेदन लिया और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बताया कि राजस्व शिविर में सभी राजस्व निरीक्षक और पटवारी मौजूद है जिससे आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।



**सुलझी लोगों की समस्याएं**

राजस्व शिविर में कुल 225 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें नामांतरण के 26, बंटवारा के 10, सीमांकन के 30, त्रुटि सुधार के 29, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए 4, पट्टा के लिए 12, अतिक्रमण से संबंधित 35, ऋण पुस्तिका के लिए 24 तथा अन्य समस्याओं के 90 आवेदन प्राप्त हुए। तहसीलदार श्रीमती साहू ने बताया कि कुल प्राप्त 225 आवेदनों में से 115 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 110 आवेदनों का निश्चित समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोराम, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, कांग्रेस नेता नरेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद थे।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## रैली निकालकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने युक्तियुक्तकरण के खिलाफ बुधवार को रैली निकालकर बीईओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेसियों ने पुराने बस स्टैंड से पैदल मार्च करते बीईओ कार्यालय पहुंचे। इससे पहले सभा को संबोधित करते प्रभारी रमेश खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों एवं बेरोजगारों के साथ अन्याय कर रही है। शिक्षकों का दूरदराज स्थानांतरण, भर्ती की घोषणा के बाद भी विज्ञापन जारी नहीं किया जा रहा है। अन्य वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण को शिक्षकों, बच्चों के विरूद्ध बताते इसकी जमकर आलोचना की। कांग्रेसियों ने बीईओ कार्यालय घेराव कर नायब तहसीलदार झरना राजपूत को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिपं सदस्य विभा साहू, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश साहू, बिरेन्द्र बोरकर, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, बलीराम साहू, अखिलेश नखत, संजय संचेती, डॉ. नरेन्द्र साहू, रोशन यदु, बिसंभर साहू, संतोष ठाकुर, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, गीता सलामे, पुष्पदेवी यदु, वैशाली बोरकर, लोकेश सिन्हा, सतीश वैष्णव, प्रियंक जैन, राकेश साहू, रितेश राजपूत, अमित ठाकुर, किशोर बनाफर सहित अन्य मौजूद थे।

### शिविर में भाग लेने की अपील

**सड़क अतरिया**। कल शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन गया है। आयोजकों ने ग्रामीणों से शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील किया है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को शिविर सफल बनाने की जवाबदारी सौंपी गई है।

# तीन साल में नहीं बना भवन

## पेड़ के नीचे लगती है स्कूल की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

खुर्सीपार खुर्द में तीन साल पहले स्कूल भवन निर्माण के लिए 16 लाख की मंजूरी मिली थी किन्तु अब स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो सका है।

ग्राम में स्कूल भवन नहीं होने से बच्चे किसी के घर या पेड़ के छांव में बैठकर पढ़ाई करते हैं। इस आशय की जानकारी मिलने पर तत्कालीन विधायक भुनेश्वर बघेल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांव पहुंचे थे। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने तत्काल 16 लाख की स्वीकृति दिलाया था। स्वीकृति के बाद निर्माण एजेंसी ने नींव जरूर खोद दिया किन्तु अब तक भवन का निर्माण नहीं किया है। भवन नहीं बनने से नाराज पालकों ने गत दिनों ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में एसडीएम ऑफिस और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल स्कूल भवन निर्माण कराने की मांग रखा। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेश मंडावी, सामसाय टांडेकर, दिलीप मंडावी, रूपचंद, हीरामन वर्मा, सरवन, गनीराम, सुबेलाल, घोंडू, संजय, राजू आदि उपस्थित थे।



# लीमो में चोरी का असफल प्रयास, मकान मालिक की सजगता से टली वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



गंडई नगर से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत लीमो में 12-13 जून की मध्यरात्रि लगभग 1 बजे एक घर में चोरी का प्रयास हुआ। अज्ञात नकाबपोश चोर घर के दरवाजे को ताला तोड़कर अंदर घुसे और खिड़की तोड़ने की कोशिश करने लगे। मकान मालिक पुष्पेंद्र देवांगन ने आहट मिलने पर शोर मचाया तो चोर मौके से भाग खड़े हुए।

सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में देखा जा सकता है कि किस प्रकार नकाबपोश चोर चोरी की नीयत से घर में घुसे थे। पुष्पेंद्र देवांगन ने इस मामले की जानकारी गंडई थाने में दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह वार्ड 15 टिकरीपारा में रहते हैं ग्राम लीमो में शोभेन्द्र कृषि सेवा केंद्र का संचालन करते हैं। घटना की रात वह खाना खाकर अकेले अपनी दुकान में सो रहे थे। रात करीब 1 बजे बाहर से आवाज आने पर उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि कुछ अज्ञात चोर दुकान और घर का ताला तोड़कर बेडरूम की खिड़की में लगी जाली तोड़ रहे थे। खिड़की के दरवाजे को खोलने का प्रयास कर रहे थे। बाहर लगी लाइट से उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति केसरिया रंग का टी-शर्ट पहने था। वह सफेद स्कार्फ बांधे हुए था। उनके आवाज देने पर वह व्यक्ति सीढ़ी से चढ़कर छत के सहारे भाग गया।

**ताला और कैमरा तोड़ा**

उन्होंने करीब 2 बजे अपने परिचित शिव यादव को फोन पर घटना के बारे में बताया। शिव यादव के आने पर उन्होंने छत और आंगन में देखा तो पाया कि दोनों जगह के कैमरे टूटे हुए थे। दुकान का ताला भी टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों ने छत से चढ़कर घर में घुसने और चोरी करने का प्रयास किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# निजी नल कनेक्शन के लिए लगा प्रतिबंध हटा

**राजनांदगांव**। ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी को ध्यान में रखते हर वर्ष मार्च माह से 15 जून तक नए नल कनेक्शन लगाने नगर निगम द्वारा प्रतिबंध लगाया जाता है और वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही नल कनेक्शन लेने प्रतिबंध हटाया जाता है। उक्त प्रतिबंध 10 जून से हटा लिया गया है। नल कनेक्शन प्रतिबंध के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिए प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मार्च से निजी नल कनेक्शन देने प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के आदेशानुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही हटा लिया गया है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा निजी नल कनेक्शन लेने लगा प्रतिबंध 10 जून से हटाने विधिवत आदेश जारी किया गया है।

### नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध हटा

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल हेतु उपयोग किए जा रहे मोटर पंपों से सिंचाई बंद करने तथा विगत दिनों बारिश होने के कारण भू-जल स्तर में गिरावट परिलक्षित नहीं होने पर जिले में नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले में भू-जल के अत्याधिक दोहन से उत्पन्न पेयजल समस्या के कारण जलस्तर में कमी की स्थिति और ज्यादा विकराल रूप लेने की संभावना को दृष्टिगत रखते पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू कर संपूर्ण जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था।

# एनसीसी कैडेटों ने किया रक्तदान

## ग्रामीणों को रक्तदान करने किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंजोरा

प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कैडेटों ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के सहयोग से मोबाईल मेडिकल यूनिट ने रक्त संग्रहण किया। इस मौके पर यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल राहुल दुबे ने आमजनों से रक्तदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना नेक काम है। इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। शिविर में लगभग 35 एनसीसी कैडेटों के अलावा 15 आमजनों ने रक्तदान किया। कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस अंजोरा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थनौद तथा भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन सिंह, कैप्टन राजकुमार गड़पायले, सूबेदार एनके घोष, नायब सुबेदार गगनदीप शर्मा, क्वार्टर मास्टर हरेश पाटिल, शिवदयाल साहू, पवन साहू, महेश मीणा, जादव बोरा, विकास पाटिल, श्रीहरि मुंडे, दुर्गा राजपूत आदि मौजूद थे। एडमिन अधिकारी ले. कर्नल अमन सिंह, जेसीओज़ व अन्य स्टाफ ने कैडेटों का उत्साहवर्धन किया।

# तीन महीने से नहीं मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन



**छुरिया**। ग्रामीण मजदूरों को काम देने वाले मनरेगा कर्मियों को तीन माह से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मनरेगा कर्मियों ने 12 जून को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू को मनरेगा आयुक्त के नाम पर ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान की मांग किया। ज्ञापन में बताया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजनांतर्गत कार्यरत मनरेगा कर्मियों के वेतन का भुगतान आंबटन के अभाव में 3 माह से अप्राप्त है। वेतन नहीं मिलने से कर्मियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले मनरेगा संघ ने हर माह वेतन देने की मांग उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा था।

मनरेगा विभाग में कार्यरत मनरेगा प्रभारी, कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्रामर, लेखापाल, सहायक ग्रेड तीन, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य, ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य ने हर माह 1से 5 तारीख तक वेतन भुगतान करने की मांग की है।

## कुकुरमुड़ा पहुंचकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण स्वच्छता और सतत पर्यावरण प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में निर्माणाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, संरचना, निर्माण गुणवत्ता एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। आरईएस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना की स्वीकृति 24 अक्टूबर 2024 को प्राप्त हुई थी। स्वीकृत लागत 25.22 लाख है। कार्य एजेंसी के रूप में ग्राम पंचायत कुकुरमुडा को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में प्लिंथ स्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है।



कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए ताकि इसका लाभ शीघ्र ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने कहा कि यह ट्रीटमेंट प्लांट ग्रामों में बनाए गए टंकीयुक्त शौचालयों से एकत्र मानव मल के वैज्ञानिक निपटान में सहायक होगा। फीकल स्लज को टैंकर के माध्यम से प्लांट तक लाकर उसका प्रसंस्करण किया जाएगा। उपचार की प्रक्रिया में ठोस और तरल हिस्सों को अलग किया जाएगा। ठोस हिस्से को जैविक खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा, वहीं उपचारित जल को बागवानी, वृक्षारोपण और कृषि कार्यों में पुनः प्रयोज्य बनाया जाएगा। यह व्यवस्था न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में सहायक होगी बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को भी मजबूती प्रदान करेगी।

### दो पंचायत में निर्माण

गौरतलब है कि छुईखदान के कुकुरमुडा और खैरागढ़ के मुढ़ीपार में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस नवाचारात्मक प्रयास से स्वच्छ भारत मिशन को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायित्व और प्रभावशीलता मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगाँव**

**// ईशतहार //**

आवेदक महेश कुमार पिता मदनलाल खंडेलवाल निवासी कामठी लाईन तहसील राजनांदगांव के द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 तहसील राजनांदगांव स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 15041/1 रकबा 1.8960 हे. में से 0.3587 हे. को आम रास्ता हेतु शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 25/6/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः यह ईशतहार आज दिनाँक 9/6/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनाँक : 9/6/2025
पेशी दिनोंक- 25/6/2025

**तहसीलदार**
**राजनांदगांव**

मस्तिष्क, नस एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
राजनांदगाव में उपलब्ध
महीने के प्रत्येक शनिवार
दोप. - 3:30 बजे से 4:30 बजे तक
राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास
7869899833, 8871626367
डॉ. कुलदीप सिंह
MBBS, MS, Mch (Neuro)
Dr. Kuldeep's BRAIN AND SPINE CLINIC
24x7 EMERGENCY SERVICE
CALL- 6261500981
प्रतिदिन उपलब्ध
शिवाय मेडिकोज डॉ. बघेल पॉलीक्लिनिक के सामने न्यू बस स्टैंड दुर्ग

## सार समाचार

### तालाब किनारे से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव

**डोंगरगढ़।** ग्रामसभा की बैठक में ग्रामीणों ने तालाब किनारे से अतिक्रमण हटाने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। ग्राम पंचायत मुसरा के विकास एवं स्वच्छता तथा सार्वजनिक हितों को देखते हुए ग्रामीणों ने बाजार चौक स्थित तालाब के आसपास हुए अतिक्रमण, तालाब जाने के लिए रास्ता नहीं होने को लेकर सुशासन शिविर में आवेदन दिया था। आवेदन पर कार्यवाही करने नायब तहसीलदार सत्यपाल यादव ने पटवारी के साथ उपस्थित होकर निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एकमात्र तालाब में आने जाने के लिए अन्य मार्ग नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शहर में कचरे का ढेर, सफाई नहीं

**डोंगरगढ़ ।** धर्मनगरी के प्रमुख चौक चौराहो में कचरे के ढेर लग गया। कचरा इतना ज्यादा है कि वह सड़क तक फैल जाता है। शहर की दुर्दशा देखकर स्वच्छता अभियान और पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है। जानकारी के अनुसार पालिका के अधिकारी आफिस में बैठकर काम करते हैं जिससे शहर की व्यवस्था का डन्हे पता नहीं चलता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरा शहर गंदगी से भर जाएगा।

### जैन समाज की कार्यकारिणी घोषित

**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल जैन ने नई कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में परम संरक्षक सिंघई किशोर जैन, निर्मल जैन, अनिल जैन, संरक्षक राजेन्द्र जैन, सुभाषचंद जैन, वीरेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, विनोद पंचरत्न, सिंघई निशांत जैन, सचिव सुरेशचंद जैन, सहसचिव सिंघई सचेन्द्र जैन है। कार्यकारिणी सदस्य निखिल जैन, आकाश जैन, दिनेश जैन, सुनील जैन, निशांत जैन, अभय जैन, सप्रेम जैन, नितिन मोदी, आलोक मोदी, सपन जैन, राहुल जैन को बनाया गया है।

### दो साल बाद शिक्षक बहाल

**भर्रीटोला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भर्रीटोला में पदस्थ शिक्षक एलबी नंदा सहारे के जून 2016 से निरंतर अनुपस्थित रहने के कारण जिला पंचायत सीईओ के आदेश पर 29 दिसंबर 2018 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। निलंबन पश्चात श्रीमती सहारे को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के आदेश पर 20 जनवरी 2025 को बहाल करते हुए कन्या पूर्व माध्य साला भर्रीटोला में पदस्थ किया गया है। संयुक्त संचालक के आदेशानुसार 20 जनवरी को उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। अधिकारियों से निर्देश पश्चात कार्यभार ग्रहण तिथि से वेतन आहरण कर भुगतान प्राचार्य ने किया है।

### नांदगांव में आज से लोकगाथा भरथरी का मंचन

**राजनांदगांव।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से संस्था रंग सरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव का आयोजन कल 14 और 15 जून की शाम गोविंदराम निर्मलकर सभागार राजनांदगांव में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित लोकगाथा भरथरी का मंचन होगा। दोनों दिन शाम को 7 बजे से शुरू होने वाले इस मंचन में छत्तीसगढ़ की प्रचलित भरथरी गायन शैली को पहली बार मंच पर नाटक शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसमें आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन भूपेन्द्र साहू का है। आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी है।



निर्देशक भूपेंद्र साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ अंचल के सांस्कृतिक धरातल पर समृद्ध लोक गाथा "भरथरी"को पहली बार दर्शक नाट्य शैली में देखेंगे। समन्वयक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने कलाप्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।

### उमाराजे बनी महिला इकाई की अध्यक्ष

**डोंगरगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा महिला ईकाई की नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष उमाराजे राजपूत को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमाराजे राजपूत ने कार्यकारणी का गठन किया है। जानकारी अनुसार महिला इकाई की कार्यकारिणी में संरक्षक वीणा ठाकुर, अध्यक्ष उमा राजे राजपूत, उपाध्यक्ष उमा सिंह, रीना परिहार, सचिव भारती सिंह, कोषाध्यक्ष प्रिया निशांत सिंह, संगठन मंत्री तारणी सिंह, संचालक मंडल पुष्पा सिंह, रेखा सिंह गहरवार, लता सिंह, भवानी सिंह, किरण सिंह, सोनम सिंह, वर्ण सिंह, किकामा सिंह, पम्मी सिंह, रोहनी सिंह शामिल हैं



### विशेष शिविरों के आयोजन संबंधी बैठक आयोजित

**छुईखदान।** छुईखदान-गंडई अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 13 जून को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष छुईखदान में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल/ऐप के माध्यम से किसानों का 9 जून से 9 जुलाई तक पंजीयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परियोजना के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने वाले किसानों एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य है। पंजीयन कार्य ग्राम स्तर पर शिविरों के माध्यम से संपन्न किया जाएगा, जिसमें सीएससी के वीएलई की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में अनुभागीय अधिकारी राजस्व, गंडई-छुईखदान द्वारा सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे आवंटित ग्रामों के समस्त किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें तथा एग्रीस्टेक परियोजना की सफलता में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रही तथा सभी को समय-सीमा में पंजीयन कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्ययोजना से अवगत कराया गया।



## सीसीबी बैंक, नवीन कॉलेज, एमबीबीएस डॉक्टर की मांग को लेकर घेराव

# छह सूत्रीय मांग को लेकर खड़गांव में ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत खड़गांव तहसील क्षेत्र के लगभग 20 ग्राम पंचायत के ग्रामीण, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने संघर्ष समिति के रूप में तहसील मुख्यालय खड़गांव में बड़ी संख्या में रैली निकाली। सर्वप्रथम संघर्ष समिति के अंतर्गत ग्रामीण, किसान, जवान खड़गांव में इकठ्ठा हुए, जहां विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, कृषि सभापति सईदा खान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण, महिला-पुरूषों ने खड़गांव में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं कॉलेज खोलने जैसे छह मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार आशीष राज को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों के संबंध में चर्चा किया।



### सीसीबी बैंक एवं कॉलेज की है मुख्य मांग

ज्ञापन में शामिल हुए ग्रामीणों के अनुसार खड़गांव की जनसंख्या 5000 है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर स्थित है। यहां की भौगोलिक स्थिति एवं व्यवसाय को देखते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा अनिवार्य हो गया है। क्षेत्र में मानपुर में सीसीबी बैंक संचालित है, जहां जाने के लिए दुरूस्त क्षेत्र के ग्रामीणों को 50 किलोमीटर तक का सफर करना पड़ता है। जिससे समय बर्बाद होता है। किसान बेमतलब परेशान होते हैं तथा आर्थिक क्षति भी पहुंचती है। इसी प्रकार कॉलेज के पढ़ाई के लिए युवाओं को खड़गांव से 25 किलोमीटर दूर मानपुर एवं 30 किलोमीटर दूर मोहला का रूख करना पड़ता है। इनके लिए खड़गांव में कॉलेज खुल जाने से सुविधा होगी। इसी के साथ संघर्ष समिति द्वारा सहकारी समिति खरदी में पर्याप्त खाद उपलब्धता, धान खरीदी केंद्र मुरारगुटा में भवन निर्माण, बिजली स्मार्ट मीटर बंद करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गांव में मेडिकल ऑफिसर पदस्थापना जैसे मांगों के लिए हुंकार भरी।

### कांग्रेस शासनकाल की अपेक्षा फिसड्डी है भाजपा सरकार

खड़गांव में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने रैली को संबोधित करते कहा कि भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से क्षेत्र की जनता परेशान है। खड़गांव में नवीन महाविद्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नितांत आवश्यकता है। जिसके लिए शुरू से पत्राचार किया जा रहा है, परन्तु सरकार इस दिशा में थोड़ा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस शासन में केवल शराब बेची जा रही है और दुर्भाग्य है कि हम खड़गांव में जहां नवीन कॉलेज की मांग कर रहे हैं, वहीं सरकार दारू भट्टी खोलने अमादा है। यहां जुआ-सट्टा के धंधे चलाए जा रहे हैं। आदिवासियों को डराया-धमकाया जा रहा है। डॉक्टर के अभाव में अस्पताल बीमार हालत में है, जब कांग्रेस की सरकार थी, तब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नया जिला बनाया। तीन तहसील दिए, नए धान खरीदी केंद्र, कन्या आश्रम, सड़क, बिजली, आत्मानंद स्कूल जैसे अनेक कार्य कांग्रेस के शासनकाल में किया गया है। 2 साल कोरोना विभीषिका के बावजूद भी कांग्रेस शासन में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, कृषि सभापति सईदा खान, बालचंद कोरेटी, सुखुराम वट्टी, अब्दुल खलीक, मीणा मांझी, लता साव, संतु मंडावी, करण बोगा, मन्नू राणा, कविता राणा, तिलक तुमरेटी, ललित ठाकुर, गजराज धुर्वे, राजाराम धुर्वे, हरिशंकर मिश्रा, बालाराम मंडावी, बृजलाल दुग्गा, हीरा धुर्वे, सुगदी बोगा, चाणक्य मेरिया सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं संघर्ष समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### नितेश राज्य के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त



**राजनांदगांव।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के जनरल सेक्रेटरी अविनाश सिंह ने राजनांदगांव निवासी नितेश श्रीवास्तव को परिषद की छत्तीसगढ़ इकाई का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। श्री श्रीवास्तव इससे पहले भी परिषद के केंद्रीय सदस्य थे।

श्री श्रीवास्तव की नियुक्ति परिषद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिषद केंद्र में कार्यरत नेचर वेलफेयर विभाग की एजेंसी के रूप में कार्य करती है, जो भारत सरकार पर्यावरण और वानकी संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों की योजनाओं का प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाती है तथा इसका देखरेख भी करती है। राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी दिल्ली स्थित कार्यालय में नितेश श्रीवास्तव को सामाजिक व पर्यावरण के क्षेत्र में उनके कार्यों तथा अनुभव को देखते नियुक्ति पत्र सौंपा है। नियुक्ति पत्र सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, वाइस चेयरमैन शैलेंद्र गर्ग, राष्ट्रीय निदेशक धीर सिंह, छत्तीसगढ़ के निदेशक सुमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी ने श्री श्रीवास्तव को इस नई भूमिका के लिए बधाई दी। श्री श्रीवास्तव की इस नियुक्ति से राज्य में परिषद के कार्य में तेजी आएगी और युवाओं को पर्यावरण और वानकी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करते इस क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका अदा करेगी।

## सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 को, 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में रविवार 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा नोडल अधिकारी रेणुका रात्रे ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहॉं कुल 2774 परीक्षार्थियों के लिए सीटें आवंटित की गई हैं।

ओएमआर सीटों की संख्या 2780 है। खैरागढ़ ब्लाक में रानी रश्मि देवी शासकीय महाविद्यालय में 600 सीटें, डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 480 सीटें, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कन्या विद्यालय 300 सीटें, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपारा 120 सीटें, जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में 180 सीटें, विवेकानंद पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में 180 सीटें, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज 180 सीटें, माइलस्टोन पब्लिक स्कूल, खैरागढ़ 120 सीटें, वेसलियन अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपारा में 240 सीटें, प्रेम कुमार सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 240 सीटें शामिल है। इसी प्रकार छुईखदान ब्लाक के लिए परीक्षा केंद्र वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय मे 134 सीटें शामिल है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूल या कॉलेज द्वारा जारी पहचान पत्र में से कोई एक मान्य दस्तावेज साथ ला सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड में फोटो स्पष्ट नहीं है, फोटो नहीं छपा है, या फोटो के स्थान पर हस्ताक्षर अंकित हैं, उन्हें विशेष रूप से दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य किया गया है। यह व्यवस्था पहचान की पुष्टि के लिए की गई है। परीक्षा संबंधी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यवसायिक परीक्षा मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### 15 से कलस्टरवार विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान धरती आबा के तहत जिले में 15 से 30 जून तक कलस्टरवार विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में अभियान के तहत जनजातीय समुदाय को 25 प्रकार की गतिविधियां, 17 मंत्रालयों की सेवाएं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना से लाभान्वित करते आत्मनिर्भर किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंडों के 105 चयनित ग्रामों हेतु कलस्टरवार आयोजित शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति-निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा लोन, पेंशन योजना, मनरेगा, जनधन योजना सहित अन्य सेवाएं प्रदान की जाएगी।

## जहां शिक्षकों की कमी वहां भी युक्तियुक्तकरण

### नियमों की हुई अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में किए गए युक्तियुक्तकरण उस स्कूल को भी अतिशेष शिक्षकों में शामिल कर दिया गया, जहां पहले ही 6 शिक्षकों की कमी है।

शहर की रियासतकालीन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेट स्कूल, जिसे उत्कृष्ठ शिक्षा के लिए विकसित करने महंत राजा बलराम दास, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शाला बनाया गया। इसके बाद यहां शिक्षकों की 6 पद अब तक खाली है। इसके बाद यहां तीन शिक्षकों को अतिशेष बताकर उनका स्थानांतरण कर दिया गया। जबकि मिली जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण नीति में बिन्दु क्रमांक 14 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि स्वामी आत्मानंद शाला का समायोजन नहीं किया जाएगा।

#### शिक्षक कम भी अतिशेष

वर्ष 1886 से स्थापित स्वामी आत्मानंद बहुउद्देशीय शाला (स्टेट स्कूल) वर्तमान में छात्रों की दर्ज संख्या 619 है। यहां स्वीकृत पद 22 के विरूद्ध कुल 16 ही शिक्षक कार्यरत हैं। बावजूद इसके 03 शिक्षक अतिशेष श्रेणी में घोषित किए गए हैं। जबकि उत्कृष्ठ विद्यालय होने के चलते यहां शिक्षकों की कमी पूरी की जानी चाहिए थी।

#### एकमात्र ड्राइंग परीक्षा का केंद्र

इस शाला में अध्यापन के साथ-साथ समन्वयक संस्था, मूल्यांकन कार्य, ओपन परीक्षा, ओपन मूल्यांकन, एनसीसी प्रशिक्षण तथा प्रदेश की एकमात्र ड्राईंग परीक्षा का भी संचालन किया जाता है । यहां विगत 70 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की ड्राइंग ग्रेड परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। यह परीक्षा जेजे ऑफ आर्ट महाविद्यालय मुम्बई के निर्देशन में भारत वर्ष में 990 केन्द्रों में आयोजित होती है।

#### शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित

बताया जा रहा है कि स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की लंबे समय से कमी है। यहां लाइब्रेरियन, कम्प्यूटर के स्थाई शिक्षक, अंग्रेजी, हिंदी, बायो, राजनीति विज्ञान, संस्कृत और कॉमर्स के शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिसकी वजह से अध्ययन-अध्यापन प्रभावित हो रहा है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन वाहनों पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने माह जून में 660 वाहनों पर कार्रवाई की है। वहीं यातायात नियमों की जानकारी भी लोगों दी गई। पुलिस के अनुसार माह जून 2025 में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस, निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

#### विभिन्न मामलों में कार्रवाई

ओव्हर स्पीड वाहनों में 62, शराब सेवन कर वाहन चलाने के 5, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट 196, काला शीशा में 7, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट 22, नाबालिक वाहन चालकों पर 5, प्रेशर हार्न का उपयोग में 19, दुपहिया वाहन में तीन सवारी पर 126, वाहन चलाते मोबाइल फोन का उपयोग 7 व अन्य नियमों के उल्लंघन पर 211 वाहनों में कार्रवाई किया गया।

#### जुर्माना वसूला

कुल 660 वाहन चालकों से 370600 रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील कि है कि ओव्हर स्पीड, शराब सेवन, दुपहिया वाहन में तीन सवारी, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें। यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

### पृष्ठ 3 का शेष

#### बिना नोटिस मकान...

**नारेबाजी कर जताया विरोध-** कैलाश नगर झुग्गी बस्ती के लोग पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध करते आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
**कांग्रेसी हुए शामिल-** इधर चक्काजाम की सूचना मिलने पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद सतीश मसीह, आमीन हुद्दा, ऋषि शास्त्री, संदीप सोनी सहित आधा दर्जन कांग्रेसी भी चक्काजाम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने यहां के गरीब परिवारों के अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की।

## ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षण ग्रुप ने की मुलाकात



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव, बालोद व कांकेर की ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षण ग्रुप (वीएसए,वीआरपी) ने गत दिनों अपनी महत्वपूर्ण मांग और समस्याओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। ज्ञात हो कि (वीएसए, वीआरपी) एक सामाजिक अंकेक्षक इकाई है, जो 2017 से प्रशिक्षण लेकर लगातार महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का पंचायत स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण करती है। वर्तमान में छग सामाजिक अंकेक्षण इकाई (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) द्वारा 6 जून को आदेश जारी किया गया है कि अब 40 वर्ष से अधिक उम्र के (वीएसए, वीआरपी) सोशल आडिट नहीं कर सकते। इस अवसर पर कमलेश्वरी साहू, कुसुम साहू, छाया बोरकर, निर्मला साहू, चमेली साहू, ममता साहू, सुजाता साहू, शीला यादव, निर्मला टेम्बूलकर, बिमला बघेल, रेखा वर्मा, सीमा साहू, पावित्री, रागिनी साहू, मालती ठाकुर, दिलेश्वरी, रेखा सोरी, बसंता, सुशिमा, मीरा, तारिणी, संगीता लाटिया, द्रोपती फलेन्द्र, चंद्रिका सिन्हा, ओमिला सहित बड़ी संख्या में (वीएसए, वीआरपी) उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा में छूटा यात्री का सामान, पुलिस ने दिलाया

**राजनांदगांव।** ई-रिक्शा में सवारी कर रही एक महिला का सामान ई-रिक्शा में ही छूट गया था। जिसकी जानकारी मिलने पर यातायात पुलिस ने यूनिक नंबर के आधार पर खोजबीन कर ई-रिक्शा में छूटे सामान को महिला को सुरक्षित दिलाया। पुलिस के अनुसार 12 जून को भारती बघेल पति रोशनलाल बघेल निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई वार्ड नं. 19 जिला दुर्ग का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बताई कि लाल कलर का ई-रिक्शा जिसके पीछे में देवांगन एवं 59 नंबर पूरा नंबर याद नहीं है, लिखा हुआ है, अपना पर्स भूल गई हूं। जिसमें कीमती सामान रखा हुआ है।



#### यातायात पुलिस ने खोजा

सहायक उपनिरीक्षक शरद मसीह, प्रधान आरक्षक बीरबल सिंह, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा द्वारा तत्काल पता तलाश हेतु रवाना होकर आजाद चौक के पास प्रार्थिया द्वारा बताए कलर एवं पीछे में देवांगन जी लिखा हुआ था। जिसमें यातायात शाखा से प्रदाय यूनिक नंबर 659 लिखा हुआ था। ई-रिक्शा चालक से पूछताछ करने पर ई-रिक्शा में यात्री का पर्स छूटना बताया, जिसे यातायात कार्यालय लाकर प्रार्थिया को पूछने पर पर्स अपना होना एवं पूरा सामान चेक करने पर सुरक्षित होना बताई, जिसे प्रार्थिया को सुपुर्द किया गया।

#### यात्रियों को यूनिक नंबर से अवगत कराए

यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि जिस टेम्पो, आटो, ई-रिक्शा वाहन में यात्रा कर रहे हैं, उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा चालक सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने के पश्चात ही सवारी बिठाएं। यात्रियों द्वारा यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का संपूर्ण जानकारी कार्यालय से ली जा सकती है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पालिशिंग
■ लेज़र फेशियल
फोन : 9827143060/8871003060

REQUIREMENTS
YASHODA SANSKAR VIDYA MANDIR
(ENGLISH MEDIUM SCHOOL) SUKULDAIHAN
POSTS - TEACHER
SUBJECTS
1. SOCIAL SCIENCE
2. SCIENCE
3. MATHS
-: CONTACT US :-
9131302993
9303108322
NOTE:- CANDIDATE SHOULD HAVE
1. POST GRADUATION 2. B. ED.
3. ENGLISH MEDIUM DEGREE OF SCHOOL/COLLEGE

आवश्यकता है
1. मैनेजर - 1 पद (वेतन 15,000/-)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 2 पद (वेतन 9,500/-)
3. मेकेनिक - 2 पद (वेतन 10,000/-)
4. गोदाम कीपर - 1 पद (वेतन 10,000/-)
5. ड्राईवर कम हेल्पर - 4 पद (वेतन 10,000/-)
समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
14 अगस्त, 04 सितम्बर,
27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी-29,500/-, 2 एसी-35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### पुनाराम ने समझा मवेशियों का दर्द

**कवर्धा।** । वैसे तो शिक्षक पूनाराम पनागर अपने स्तर पर देश व समाज के लिए नित्य नवीन कार्य करते ही रहते हैं। पुलवामा में शहीद हुए परिवारों के लिए 1 महीने का वेतन देना, निःशुल्क ट्यूशन जिसके लिए मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया जाना। हर साल कैरियर गाइडेंस व छात्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित करना, गौरैया चिड़ियों के लिए घर को पक्षी घर बनाना, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गेंडी को बढ़ाना देना और राज्य स्तर पर जीत कर जिले का नाम गौरवान्वित करना उनकी उपलब्धियों में शामिल हैं। इसी कड़ी में अब श्री पनागर ने नगर के सब्जी बाजार में आवारा मवेशियों को भगाने के लिए की जाने वाली लाठी पर रोक लगाने और इसकी पीड़ा से मवेशियों को बचाने सब्जी बेचने वालों को पिचकारी (स्प्रे) भेंट किया है। जिसके उपयोग से सब्जी विक्रेता बिना किसी नुकसान के मवेशियों को भगा सकते हैं। निश्चित रूप से श्री पनागर की यह सोच व प्रयास सराहनीय है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत पंडरिया अनुविभाग अंतर्गत ग्राम नवागांव टिकैट निवासी नव्या की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंद्राकर धुर्वे को, ग्राम नवागांव टिकैट निवासी देवांश की डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंदन को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### नाली में गिर रही मिट्टी

**चिचोला।** नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है जिससे आने वाले दिनों पानी निकासी में समस्या आ सकती है। खातूटाला बैराज से पानी निकासी और किसानों की सुविधा के लिए नाली का इस साल कांक्रीट किया गया है किन्तु नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है। किसानों ने बताया कि मिट्टी गिरने से पानी निकासी में दिक्कत आ सकती है।

सिर्फ ग्रामीणों और गौ रक्षकों की सूचना पर हो रही कामचलाऊ कार्रवाई, तस्करी में बड़े गिरोह सक्रिय होने की आशंका

# धड़ल्ले से हो रही गौ तस्करी, तस्कर बचने के लिए ले रहे फर्जी रसीदों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में बीते कुछ महिनो से बड़े ही सुनियोजित ढंग से गौ तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस मामले को न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता से ले रहा है और न ही प्रदेश की भाजपा सरकार इस पर संज्ञान ले रही है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इसमें गौ तस्करों के साथ ही कई सफेदपोश भी शामिल है जो गौतस्करों को न सिर्फ खुला संरक्षण व सहयोग दे रहे हैं बल्कि इस गौरख धंघे से अपनी हंथेली भी गरम कर रहे हैं। इस बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामले को लेकर कुछ हिन्दू संगठन जरूर सक्रिय हैं लेकिन आरोप है कि उन्हें भी पुलिस और सरकार का वैसा सहयोग नहीं मिल पा रहा है जैसा की मिलना चाहिए। बताया जाता है कि इन संगठनो द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर गौ तस्करों को पकड़ा जाता है और पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना भी दी जाती है अथवा आरोपियों को संबंधित पुलिस थाना तक पहुंचाया जाता है लेकिन आरोप है कि इन मवेशी तस्करों को कुछ देर बाद ही छोड़ दिया जाता है और वे फिर अपने काम में जुट जाते हैं। सूत्रों की माने तो खुलेआम हो रही गौ तस्करी के खिलाफ गौ रक्षकों द्वारा लगातार आवाज उठाए जाने और उनकी धरपकड़ के बाद अब तस्करों ने मवेशियों की खरीदी-बिक्री को वैध दिखाने और बताने के लिए नया हथकंडा अपना लिया है। सूत्रों ने बताया कि इन गौ तस्करों द्वारा कवर्धा नगर पालिका अथवा जिले की ग्राम पंचायतों की फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का उपयोग गौ तस्करी में किया जा रहा है। ताकि गौ तस्करी के दौरान अगर तस्कर गौ सेवकों के माध्यम से पकड़े जाते हैं और उन्हें पुलिस के हवाले किया जाता है तो वे नगर पालिका अथवा ग्राम पंचायत की इस फर्जी मवेशी खरीदी-बिक्री रसीद को दिखाकर पाक साफ ढंग से बच सकें। हालांकि सूत्रों का यह भी आरोप है कि गौ तस्करों को सिर्फ गौ रक्षकों से ही खतरा है इसके अलावा न तो जिले के पुलिस प्रशासन की इसमें कोई रोकटोक है और न ही शासन-प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही कर रहा है। इसकी पुष्टी इस बात से भी होती है कि जिले में कवर्धा नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों के नाम से छपी फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का धड़ल्ले से दुरूपयोग हो रहा है। लेकिन इसकी भनक न तो नगर पालिका प्रशासन को है और न ही सनातन का चोला ओड़कर धर्म के ठेकेदार बने बैठे सत्तारूढ़ दल के नेताओं और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी है। या फिर ऐसा भी हो सकता है कि इन्हें पता तो सब कुछ है लेकिन सत्ता सरकार के ये सफेदपोश गंधारी की भूमिका निभा रहे हैं।

### जिले से दूसरे राज्यों में भेजे जा रहे हैं मवेशी




सूत्रों ने बताया कि कबीरधाम जिले में गौ तस्करी का खेल बेहद सातिर और सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। जिसमें कबीरधाम जिले के साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश सहित अन्य दूसरे राज्यों के तस्कर भी संलिप्त है। जो सबसे पहले जिले के गांव-गांव में बेहद गोपनीय ढंग से रैकी करते हैं और इस बात की जानकारी जुटाते हैं कि कौन मवेशी पालक अपने मवेशियों को बेंच रहा है। बिक्री योग्य मवेशियों की जानकारी होने के बाद मवेशी पालकों से संपर्क किया जाता है और सुनियोगित ढंग से उनसे मवेशियों का सौदा किया जाता है। मवेशियों का सौदा होने के बाद मुख्य कार्य इन खरीदे गए मवेशियों को जिले की सीमा से बाहर ले जाना होता है। जिसके लिए इनके द्वारा कवर्धा नगर पालिका अथवा ग्राम पंचायत के अधीन संचालित मवेशी बाजार की फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का सहारा लिया जाता है और इस फर्जी रसीद के सहारे तस्कर बड़ी आसानी तथा बेखौफ ढंग से मवेशियों की खेप को जिले से बाहर ले जा रहे हैं। इस दौरान अगर वे पकड़े भी जाते हैं तो मवेशी खरीदी बिक्री की फर्जी रसीद के जरिए ये बच निकलते हैं। इसकी जांच की मांग की गई है।

### शहरों व गांवों से गायब हो रहे आवारा मवेशी

लोगों का तो यह भी अनुमान और आरोप है कि जिला मुख्यालय कवर्धा सहित जिले के दूसरे नगरों व ग्रामीण अंचलों में पूर्व में विचरण करने वाले कई आवारा मवेशी अचानक गायब हो गए है। ऐसी ही स्थिति जिला मुख्यालय कवर्धा में भी देखने को मिल रही है। एक समय था जब जिला मुख्यालय कवर्धा में आवारा मवेशियों की भरमार थी और शहर के प्रायः हर कोने में आवारा मवेशी नजर आते थे लेकिन अब अचानक इनकी संख्या कम होती चली जा रही है जबकि इन आवारा मवेशियों को न तो कांजी हाऊस भेजा गया है और न ही गौ शाला। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर ये आवारा मवेशी जा कहा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन मवेशियों को भी सुनियोजित ढंग से तस्कर पार लगाने में जुटे हुए हैं।

### पांच दिन पहले तरेगांव जंगल में तस्करों से जप्त किए गए थे 60 मवेशी

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी पांच दिन पूर्व ही तरेगांव जंगल में भी पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर आधा दर्जन मवेशी तस्करों को दबोचा था और इनके कब्जे से 60 नग मवेशी बरामद किए गए थे। लेकिन आरोप है कि पुलिस की यह कार्यवाही न काफी है। इस दिशा में शासन प्रशासन को गौवंशी की रक्षा के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने की जरूरत है।

### गौ रक्षकों की सक्रियता से दबोचे गए आधा दर्जन तस्कर

इसी कड़ी में बीते गुरूवार को गोकुल वर्मा पिता ब्यास नारायण वर्मा आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम सूखाताल, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा थाना भोरमदेव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम राजानवागांव, भोरमदेव रोड पर कुछ व्यक्तियों द्वारा 04 नग बछड़ों को अमानवीय एवं निर्दयी तरीके से मारते-पीटते हुए भूखे-प्यासे हालत में भोरमदेव की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर प्रार्थी तथा गौ रक्षक दल के सदस्य हरीश पाली, पुष्कर शुक्ला, शिवा पाली एवं सूरज चंद्रवंशी द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि कुछ लोगों द्वारा 04 नग बछड़ों को जोड़ी में बांधकर बुरी तरह पीटते हुए ले जाया जा रहा था और इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन व्यक्तियों को रोककर जानकारी ली गई तो उन्होने अपना नाम दिलीप धुर्वे पिता मुंशी धुर्वे आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम छेरकीकछार, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम, महेश मरकाम पिता केहर सिंह आयु 26 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला, अनीराम धुर्वे पिता मोहन सिंह धुर्वे आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम छेरकीकछार, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम, दिनेश मरकाम पिता शेर सिंह आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला, आशीष मरकाम पिता मंगल सिंह आयु 20 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला तथा गजकमार धर्ते पिता लालटास बैगा रम आयु 22 वर्ष निवासी लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला बताया। इनमें से किसी के पास भी मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित कोई दस्तावेज मौजूद नहीं था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 04 नग बछड़ों को जप्त कर लिया तथा पशुओं को तत्काल पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया, जिसमें उन्हें भूखे-प्यासे एवं पीड़ित अवस्था में होना पाया गया। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में गौरक्षक दल की सक्रिय भूमिका रही।

# बीते नौ माह में 3134 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई 19 लाख 10 हजार रुपए के कटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




यातायात विभाग द्वारा सड़कों पर तेज रफ्तार, काली फिल्म लगी गाड़ियां, शराब पीकर ड्राइविंग और तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

विभागीय जानकारी के मुताबिक पिछले 9 महिनो में 18 जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक कबीरधाम जिले में इंटरसेप्टर वाहन से की गई कार्रवाई में कुल 3134 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें चलानी समन शुल्क के रूप में पुलिस ने 19 लाख 10749 रुपए की वसूल की है यह आंकड़ा यह भी बताता है कि जिले की सड़कों पर लापरवाही और मनमानी करने वालों पर अब सख्त निगरानी किया जा रहा है। सबसे अधिक कार्यवाही तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ किया गया है। टोटल 501 वाहन चालकों को स्पीड लिमिट पर करने के कारण रोका गया और उन पर 5 लाख 5000 का जुर्माना लगाया गया है। वही शराब पीकर वाहन चलाने वाले के मामले में भी 33 वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई हुई है जिसे 330000 वसूल किए गए हैं।

यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा सड़क पर जिम्मेदारी से चलना और नागरिक का कर्तव्य है यह केवल चालान भरने या पुलिस की कार्यवाही से बचने का विषय नहीं बल्कि खुद की और दूसरों को जिंदगी की सुरक्षा का सवाल है। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास यही रहेगा की दुर्घटनाओं की संभावनाएं शून्य हो आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षक सांझा मंच ने संभागायुक्त एवं संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




शिक्षक साझा मंच के बैनर तले एकजुट शिक्षकों ने प्रदेशभर में किए गए मनमानीपूर्ण युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्ग संभागायुक्त एवं संयुक्त संचालक शिक्षा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यक्रम में जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के कई शिक्षकगण शामिल हुए। संभाग के सभी जिले से आए शिक्षक ज्ञापन सौंपने से पहले अपरान्ह 12 बजे जेडी कार्यालय दुर्ग के पास एकत्र हुए। तत्पश्चात चार सूत्रीय मांगों युक्तियुक्तकरण निरस्त कर 2008 का सेटअप पालन करने, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ देने, हाई कोर्ट के डबल बैंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर जारी करने एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिले से साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, भानू मिश्रा, देवानंद चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भेषज मिश्रा, चिंता पटेल, जयप्रकाश तिवारी, आशाराम साहू, पुरषोत्तम ध्रुव, रामविलास पोर्ते, ओमप्रकाश धुर्वे आदि उपस्थित थे।

# गांव में मशीनो से मनरेगा का निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार कला



जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत तितरी में शासन द्वारा मनरेगा तथा 15 वें वित्त के तहत तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन आरोप है कि संबंधित कार्य ऐजेंसी द्वारा मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत इस कार्य में मजदूरों को रोजगार का लाभ नहीं दिया जा रहा है बल्कि तालाब निर्माण का कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक खुदाई कार्य जेसीबी मशीन से कर मिट्टी को भी ट्रैक्टर ट्राली में जेसीबी मशीन से ही भरा जा रहा है। बावजूद इसके मस्टर रोल भरा जा रहा है। ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि कार्य ऐजेंसी द्वारा मजदूरों के हक की राशि हड़पने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत तितरी के सरपंच प्रतिनिधि अनंतराम मेरावी ने बताया कि जेसीबी मशीन से 15 वें वित्त के तहत स्वीकृत कार्य को कराया जा रहा है।

# लोगों को किया जा रहा पौधा रोपण के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ नगर के निवासी शिक्षक जगन्नाथ तिवारी ने शुक्रवार को अपने सुपुत्र समर्थ तिवारी के 17 वें जन्मदिन के अवसर पर कुकदूर रोड स्थित वन विभाग परिसर में कोनाकार्पस का एक पौधा लगाया। पौधा रोपित कर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने तथा उनकी सुरक्षा करने की अपील की। उनके पुत्र समर्थ ने पिछले वर्ष अपने 16 वें जन्मदिन के अवसर पर समिति के साथ 16 पौधे रोपित किये थे। वे हर वर्ष समिति के साथ पौधा रोपित कर पर्यावरण को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग ठाकुर, गोविंद रजक, एसएल कुर्रे, हमीद खान उपस्थित थे। समिति ने सभी लोगों से अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने व पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न अवसरों पर एक पौधा लगाकर अपनी स्मृतियों को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, माता-पिता व परिवार के सदस्यों की स्मृति में पौधे लगाकर दिन को यादगार बनाने की अपील की है।

# बोड़ला में स्कूल विलय नीति के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

आरोपः सरकार की नीति शिक्षा विरोधी और बालिका शिक्षा के लिए बाधक



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तिकरण नीति (स्कूलों के एकीकरण) के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला बताते हुए नीति को अविलंब वापस लेने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने बोड़ला ब्लॉक मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इस नीति को शिक्षा विरोधी, ग्रामीण विरोधी और बालिका शिक्षा के लिए बाधक बताया। पीतांबर वर्मा ने कहा कि सरकार की युक्तियुक्तिकरण नीति से बोड़ला जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्कूल बंद हो रहे हैं। इससे बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा और बालिकाओं की पढ़ाई बाधित होगी। कार्यकर्ताओं ने भी अपने संबोधन में कहा कि बिना नई शिक्षक भर्ती, स्कूल भवन निर्माण और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था के स्कूलों का एकीकरण ग्रामीणों पर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ शिक्षकों और छात्रों को नुकसान होगा, बल्कि रसोइया, सहायिका, शिक्षा प्रेरक और अन्य सहायक स्टाफ का भी रोजगार छिनेगा। विष्णु देव साय की सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कांग्रसियों ने इसे शिक्षा के प्रति सरकार की जनविरोधी सोच को बयां करने वाला बताया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे कैसे समाज विरोधी जन विरोधी कार्य कर रही है, कांग्रेस पार्टी इस विषय को लेकर गांव से लेकर ब्लाक व जिला से लेकर राज्य स्तर तक विरोध करेगी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीतांबर वर्मा, डाकोर चंद्रवंशी, शिव वर्मा, छवि वर्मा, रामचरण साहू, बंटी खान, नारद चंद्रवंशी, मुकनी निर्मलकर, अमित वर्मा, अमन वर्मा, सूरज वर्मा, प्रवीण वर्मा, मनोज राजेंद्र साहू, राधे जायसवाल, जलील खान, जयचंद वर्मा, श्याम मशराम, धनराज वर्मा, परमेश्वर मानिकपुरी, जलेश धुर्वे, पूरण मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से युक्तियुक्तिकरण नीति को तत्काल प्रभाव से रोके जाने, प्रत्येक गांव में पूर्ववत स्कूल संचालित किए जाने, सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती किए जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र परिवहन की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन जिलेभर में कांग्रेस की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत युक्तियुक्तिकरण नीति को जनविरोधी बताते हुए राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है।

बोड़ला विकासखंड के नेऊरगांव कला पंचायत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# विकसित कृषि संकल्प अभियानः किसानों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत नेऊरगांव कला में कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में कृषि रथ पहुंचा। जिसके माध्यम से वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जा रही है। श्री यादव ने आगे बताया कि कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 6-6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद कर रही है। प्रत्येक टीम में आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ एवं एफआईजी प्रतिनिधि शामिल है। इन शिविरों में वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग, धान की सीधी बुवाई, सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज व उर्वरक उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया गया। इस समावेशी प्रयास से जिले के कृषकों को जागरूक, प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त पहल की जा रही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, कृषि स्थाई सभापति नरेश साहू, ग्राम पंचायत खैरबनाकला के सरपंच, उपसरपंच, विरेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बालबृन्द परिहार कृषि वैज्ञानिक, पंकज दिल्लीवार कृषि विकास अधिकारी, आकाश डड़सेना उद्यान अधीक्षक, निलेश चंद्रवंशी मत्स्य निरीक्षक, एसएल कुर्रे, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित थे।

### बाल अधिकार संरक्षण पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# बाल श्रम पर रोक लगाना सभी समाज का प्रमुख दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकार संगठन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, छत्तीसगढ़ शासन की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं समाज के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर साझा रणनीति बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्य गीत से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने उद्बोधन में बाल श्रम की सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा: 12 जून का है नारा, बाल मजदूरी नहीं दुबारा,बाल श्रम बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेलता है। इसकी रोकथाम केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा और सुरक्षित बचपन से वंचित न हो। वही कार्यशाला में विभिन्न वक्ताओं जिसमें अशोक चंद्रवंशी सामाजिक कार्यकर्ता, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिक परिषद कवर्धा, रूपेश जैन जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं गाइड, गजराज सिंह निज सहायक सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र, मोती बैगा, बिहारी बैगा एवं चंद्रकांत यादव ने बाल श्रम की वर्तमान स्थिति, कानूनों की जानकारी, पुनर्वास की प्रक्रिया और समाज की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। जिला स्तर के अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला के पूर्व नवीन विश्राम गृह में आयोग के अध्यक्ष का श्रीमती सुषमा गणपत बघेल अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा के नेतृत्व में किरण यादव ग्राम अतरिया खुर्द की महिला समूहों एवं रमन सिंह, चंद्रकांत यादव संगठन पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

#### कार्यक्रम में नशा मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की ली शपथ



विशेष रूप से बाल श्रम एवं नशा मुक्ति के लिए बच्चों की प्रेरक रंगोली एवं चित्रकला ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों को गहराई से प्रभावित किया। पालेश यादव की सांस्कृतिक प्रस्तुति और विशेष संरक्षित जनजाति बैगा समुदाय की बैगा नृत्य ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ लिया गया। इसके साथ कार्यशाला के अंत में यह संकल्प लिया गया कि जिले में बाल श्रम के उन्मूलन हेतु सभी विभागों एवं समाज के साथ समन्वय बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। बाल श्रम की सूचना देने के लिए चाइल्डलाइन 1098 हेल्पलाइन का प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में बाल अधिकार संगठन से डॉ रमन सिंह समाजसेवी प्रदेश अध्यक्ष, दीपक यादव, हरीश साहू, पालेश यादव, रामकुमार चंद्रवंशी, नारद यादव, पुष्पा साहू, ज्योति साहू, कुलदीप नागवंशी, भूषण नागवंशी, सुमित यादव की उपस्थिति रही। कार्यशाला के समापन पर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रेरक कदम सिद्ध हुआ।

# हाइब्रिड धान बीज की खरीदारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

बाजार व कृषि केंद्रो मे किसान महंगा-महंगा नई-नई किस्मों की धान के बीज कृषि केंद्र व बाजार से खरीद रहे हैं ताकि किसान की समय पर खरीफ फसल की तैयारी हो सके। वही जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय कृषि केंद्र और बाजार से हाइब्रिड धान की खरीददारी किसान द्वारा जोरों से चल रही है ताकि खरीफ फसल की तैयारी हो सके जानकारी की अनुसार कबीरधाम जिला को कृषि प्रधान जिला कहा जाता है मुख्य रूप से धान की फसल बड़े पैमाने पर किया जाता है और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र में बेचा जाता है इसलिए प्रतिवर्ष इसका रकबा भी बढ़ रही है वही धान की बीज और खाद खरीदने के बाद नर्सरी पौधे की तैयारी की जाती है। तब कहीं धान के बीज से पौधे तैयार होते हैं इस वर्ष भी किसान धान की अच्छा पैदावार करने के लिए अपनी खेतों में नर्सरी तैयार कर रहे हैं इन नर्सरी में लगातार सिंचाई की व्यवस्था बनाकर धान की नर्सरी तैयार किया जाता है तब नर्सरी पौधे तैयार होते हैं अच्छी बारिश होने के बाद किसान नर्सरी पौधे धान को ले जाकर खेतों में धान की पौधारोपण का कार्य किया जाता है फिर 90 दिनों में धान परिपक्व होकर तैयार हो जाते हैं इस वर्ष वर्तमान में किसान पूरी तैयारी कृषि कार्य के तैयारी में जुटे हुए हैं ताकि बारिश अच्छे होने की इंतजार भी कर रहे हैं ताकि धान की बुवाई का कार्य शुरू हो सके। वही जानकारी के अनुसार आषाढ़ का महीना खेती किसानी का महीना कहा जाता है इसलिए किसानों के लिए काफी महत्व दिन माना जाता है आषाढ़ महीना के शुरू होने के साथ-साथ मौसम में भी बदलाव आ जाते हैं और अच्छी बारिश का इंतजार करते हैं जब आषाढ़ के महीना में अच्छे बारिश होता है तो किसान भी उत्साहित नजर आने लगते हैं लेकिन वर्तमान में किसान बारिश का इंतजार करना पड़ रहा हैं किसानों के खेतों चारों तरफ से साफ सफाई स्वच्छ वातावरण जैसे दिखाई देने लगे हैं और जो किसान के पास सिंचाई का साधन है वे किसान बीज की बुवाई भी कर चुके हैं नर्सरी पौधे भी तैयार कर रहे हैं नर्सरी पौधे खेतों में तैयार भी हो रहे हैं जो किसान के पास सिंचाई का साधन नहीं है वह किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कई किसानों को बिजली के अभाव के कारण कृषि कार्य अधूरा होने लगे हैं धान की नर्सरी पौधे लगाने की तैयारी में जुटे हुए हैं ये नजारा बरबसपुर व अन्य क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

# शाला प्रवेश उत्सव के पहले शिक्षक की कमी दूर की जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के पूर्व प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल कोलेगांव में सालों से शिक्षक की कमी से जूझते आ रहे हैं अभी तक पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं मिला है बताना लाजिमी होगा कि हाई स्कूल कोलेगांव में 110 छात्र-छात्राएं एवं 80-90 प्राथमिक स्कूल में छात्र-छात्राओं अध्ययन कर रहे हैं और सिर्फ हाई स्कूल में एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक मात्र दो शिक्षक के भरोसे उसी प्रकार प्राथमिक शाला में भी एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक मात्र दो शिक्षक के भरोसे अध्ययन कर रहे हैं प्रधान पाठक लोग तो ऑफिस के मीटिंग काम में ही आने-जाने में लग जाता है। समझो कि एक ही शिक्षक के भरोसे स्कूल चलेंगे ऐसे में सवाल उठता है आखिरकार छात्र-छात्राओं को दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षक क्यों नहीं दिया जा रहा है ऐसे में छात्र-छात्राओं का पढ़ाई व कोर्स पूरा कैसे होगा। शासन से छात्र-छात्राओं ग्रामीण एवं पालक की मांग है कि शाला प्रवेश उत्सव के पहले कोलेगांव के हाई स्कूल एवं प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राओं को पर्याप्त मात्रा में शिक्षक दिया जाए ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में किसी प्रकार की अड़चन न रहे और अपना पढ़ाई को समय रहते पूर्ण कर सके।

# रजककार कल्याण विकास बोर्ड अध्यक्ष के कुण्डा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



रजक समाज पंडरिया परिक्षेत्र के अध्यक्ष द्वारिका निर्मलकर के नेतृत्व में नव नियुक्त रजककार कल्याण विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के प्रथम आगमन पर रजक समाज सामुदायिक भवन कुण्डा में स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों एवं सामाजिक पदाधिकारी के द्वारा स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज, छत्तीसगढ़ महतारी तैल चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रहलाद रजक का रजक समाज पंडरिया परिक्षेत्र के द्वारा भगवा गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजककार कल्याण विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन ने समाज गंगा को संबोधित करते हुए कहां मैं सौभाग्य शाली हूँ। जो मुझे समाज गंगा की सेवा करने का अवसर विष्णु साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन में रजककार कल्याण विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष के रूप कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रजककार कल्याण विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत समाज के लिए जो मूलभूत आवश्यकता है। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति की शारीरिक मानसिक आर्थिक राजनीतिक विकास कैसे हो इसकी चिंता हम सब मिलकर करेंगे। समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेंगे। और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिले जिसके लिए लगातार काम कर रहे हैं। समाज के पढ़े लिखे युवाओं को समाज के प्रत्येक गतिविधियों से जोड़कर रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का काम रजककार कल्याण व विकास बोर्ड के माध्यम से बड़ी पहल पर चिंतन कर रहे हैं। समाज गंगा से मेरा आग्रह है। हम सब स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के बताएं मार्ग पर चले। शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। भले हम रुके सुखा खाये लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित करें। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। छत्तीसगढ़ में निवास रथ प्रत्येक सामाजिक व्यक्ति का सामाजिक सर्वे हो प्रत्येक परिक्षेत्र के माध्यम से जिला और सभी जिलों को मिलाकर राज्य स्तर पर हमारा सामाजिक जनसंख्या सर्वे होना अति आवश्यक है। जिसके लिए हम सबको मिलकर काम करने की अति आवश्यक है। मैं समाज के साथ हर पल खड़ा हूं। समाज का कैसे विकास हो। इसके लिए मैं प्रत्यक्षण चिंता करते रहता हूं। आप सबका सहयोग चाहिए। निश्चित रूप से समाज हम सब की सहयोग से आगे बढ़ेगा। और मेरा आग्रह है। हमारा समाज नशा मुक्त समाज हो। जिसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चिंता करनी चाहिए। सादा जीवन हो उच्च विचार हो। और हम सब सकारात्मक दिशा में काम करें। निश्चित रूप से समाज आगे बढ़ेगा। समाज को संबोधित करते हुए कहा। प्रहलाद रजक ने समाज की चिंतन करते हुए। ग्रामीण सामाजिक प्रमुख से मेल मुलाकात व सामाजिक विषय पर चर्चा परिचर्चा करने दौरा भी किया। जिसमें ग्राम बोडतरा खुर्द में नरेंद्र निर्मलकर के निवास में ग्राम केशली खुर्द में जेठूराम निर्मलकर सरपंच के निवास में, ग्राम खम्हरिया नरेंद्र निर्मलकर के निवास में आसपास के स्वजातीय बंधुओ से समाज के प्रबुद्ध जनों से सौजन्य मुलाकात कर सामाजिक विषयों में विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन परषोत्तम निर्मलकर युवा जिला अध्यक्ष रजक युवा कल्याण समिति जिला कबीरधाम ने किया। इस अवसर पर दिलीप निर्मलकर अध्यक्ष धोबी समाज जिला मुंगेली,दिनेश निर्मलकर जिला सचिव,धनीराम रजक नवागढ़ परिक्षेत्र अध्यक्ष ,सरजू निर्मलकर, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल रहे।

# अधिकारी कर्मचारियों के निरीक्षण के बाद भी कार्य अधूरा



- आश्वासन देने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ ।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत कोलेगांव गांव का मिनी स्टेडियम का कार्य आधा अधूरा किया गया है कार्य एजेंसी के द्वारा बताना लाजिमी होगा कि मिनी स्टेडियम के लिए 54 लाख का स्वीकृत राशि जारी किया गया था पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के समय विकास के लिए इतनी बड़ी रकम शासन के देने के बाद भी आज भी कार्य आधा अधूरा है नहीं भवन में पक्का बिजली निर्माण किया गया नहीं वह बोर खनन किया गया ना ही सही ढंग से मुरूम डाला गया यहां तक की बताना लाजिमी होगा की दीवाल भी फट गया है अभी तक उद्घाटन नहीं हुआ है उसके बाद यह स्थिति है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है की कितनी मजबूती से बनाया होगा मिनी स्टेडियम को जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के समाधान शिविर में कोलेगांव में लगा था तब सभी आए हुए अधिकारियों को बताया गया और अधिकारी द्वारा सुना गया और कार्य स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया और निरीक्षण करने के बाद कार्य अधूरा पाया गया और पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन आज भी कुछ ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है जस के तस कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द ग्राम कोलेगांव के मिनी स्टेडियम का कार्य अधूरा है उसको संज्ञान में लेते हुए पूरा कार्य किया जाए ताकि गांव के युवाओं साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों को भी मिनी स्टेडियम का लाभ मिल सके।

## भोरमदेव साहित्य सृजन मंच संगोष्ठी का आयोजन किया



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम के स्थापना दिवस के अवसर पर सहसपुर लोहारा के पटेल भवन में 10 जून 2025 दिन - मंगलवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग अंचल से सुप्रसिद्ध साहित्यकार, लोकगायक - लोकगायिका, संगीतकार एवं लोककला - साहित्य प्रेमी जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ हुआ। संगोष्ठी की शुरुआत भोरमदेव साहित्य सृजन मंच के अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ हुआ। संगोष्ठी के विषय छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के दशा अउ दिशा कल आज अउ कल इस पर महासमुंद से पधारे सुरेन्द्र मानिकपुरी ने विस्तृत जानकारी दी और लोगों को चिंतन करने पर मजबूर कर देने वाले पहलुओं को छुआ। गंडई से पधारे डॉ पीसी लाल यादव ने रचनाओं के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए कहा कि रचनाकार यदि अपनी रचना अपने परिवार में माता-पिता, भाई-बहन और बेटे -बेटी को पहले सुनाए तो समाज से अश्लील रचनाएं स्वयं समाप्त हो जाएगा। वही राजनांदगांव से पधारी सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती पूनम विराट तिवारी ने गीतकारों के संगठन बनाकर अच्छी रचनाओं को आगे बढ़ाने और अश्लील गीतों के विरोध करने की बात कही, उनके द्वारा गीत चोला माटी के हे राम की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों की आंखें नम कर दीं। बागबाहरा से पधारे धनराज साहू, मो.हबीब खान, किरण क्षत्रे, बालेश साहू ने संगोष्ठी के विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिए। वही कार्यक्रम के अवसर पर लोकगायक चतुर राम साहू, पटेल समाज के मुखिया भगवान दास पटेल, अजय बागड़े, राजकुमार मसखरे, मिनेश साहू, घनश्याम कुर्रे, रामकुमार साहू, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, ज्ञानू मानिकपुरी, रिखी राम धुर्वे, हेमसिंह साहू, चिंता राम धुर्वे, संजू उके, धर्मेंद्र डहरवाल, कु.गायत्री श्रीवास, पवन साहू, राकेश कुमार सेन, लक्ष्मीकांत वैष्णव, तुका राम साहू, जाजू सतनामी, कु.डेलिशा साहू, ओजस साहू, शिवकुमार पटेल, भीखू साहू, राम पटेल, लक्ष्मण पटेल के साथ ही साथ अन्य लोककला एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्ञानू मानिकपुरी द्वारा किया गया।

## बिजली ट्रांसफार्मर खराब, किसान परेशान, मोटर पंप बंद, किसानों ने मरम्मत की मांग की



**हरिभूमि न्यूज बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत ग्राम हरिनछपरा के किसान आनंद दास भारती कृष्णा साहू, जनक साहू, बाबू राम के खेतों तक सिंचाई के साधन के लिए बिजली ट्रांसफार्मर लगाई गई जो वर्तमान में बिजली ट्रांसफार्मर अत्यंत खराब और जर्जर हो चुके हैं जिनके कारण से किसानों की मोटर पंप बिजली के अभाव के कारण बंद पड़ा है और वर्तमान में कृषि कार्य जोरों पर चल रहा है खरीफ की फसल की तैयारी चालू हो गई है बिजली पानी की समस्या से निजात नहीं मिल रही है इसलिए अब किसान मांग कर रहे हैं कि बिजली ट्रांसफार्मर को तत्काल सुधार एवं मरम्मत किया जाए ताकि किसानों को बिजली पानी की समस्या हल हो सके वर्तमान में खरीफ फसल की तैयारी भी किसानों को करना पड़ेगा। धान की बोआई और रोपाई का कार्य भी किया जाएगा इस ओर शासन-प्रशासन और बिजली विभाग को ध्यान देने की जरूरत है ताकि किसानों की मोटर पंप चालू हो सके। खेतों की सिंचाई हो सके और धान की बुवाई और रोपाई का कार्य समय पर हो सके।




#### हर पुलिस जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है: धर्मेन्द्र

# जवानों की समस्याएं सुनकर किया तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ओआर के अंतर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ जवानों से सीधा संवाद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान जवानों की व्यक्तिगत, प्रशासनिक और सेवा संबंधी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। वही धर्मेन्द सिंह ने जवानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया। उन्होंने जवानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बल का अभिन्न अंग हैं और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने जवानों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ करें तथा जन सेवा में तत्पर रहें। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि हर पुलिस जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यदि हम उनकी समस्याओं को समय पर नहीं सुनेंगे और हल नहीं करेंगे, तो कार्य की गुणवत्ता और मनोबल पर असर पड़ेगा। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक जवान तक पहुँच बनाते हुए, उनकी बात को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में भी इस तरह के संवादात्मक आयोजन होते रहें, जिससे जवानों की समस्याएं सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंच सकें और विभागीय माहौल सकारात्मक बना रहे।

# 15 जून को होगा गोंड़वाना गोंड़ महासभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला गोंड़ समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम पंजीयन क्रमांक 21752 के तत्वाधान में गोंड़वाना गोंड़ महासभा का आयोजन होना तय हुआ है । प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मीडिया प्रभारी ईश्वरी धुर्वे ने बताया कि गोंड़ महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में अकबर कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंड़वाना गोंड़ महासभा, अध्यक्षता राजा योगेश्वर राज सिंह, जिला अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि तरुण नेताम महासचिव गोंड़वाना गोंड़ महासभा, मोहन लाल कोमरे प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद नागवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष, जयपाल सिंह ठाकुर प्रदेश सचिव, राजा खड्ग राज सिंह संरक्षक, गजराज सिंह टेकाम संयुक्त सचिव कार्यकारी जिला अध्यक्ष जमींदार तारकेश्वर मरकाम, प्रभाती मरकाम, चैतराम राज, मुखिराम मरकाम, सिद्ध राम मरावी के आतिथ्य में एवं जिला में निवास रत समस्त गोंड़ समाज के जिला, ब्लॉक सेक्टर, ग्राम स्तर के मातृ शक्ति पितृ शक्ति युवा शक्ति डिहवार, छड़ीदार मुड़ादार, सगा समाज हजारों की संख्या की उपस्थित रहेंगे । इसके पहले मार्च 2021 में महासभा का आयोजन हुआ था जिसमें सामाजिक बैलाज का निर्माण कर अनुमोदन पश्चात उन्मोचन किया गया था। इस महासभा में सामाजिक बैलाज के परिपालन की समीक्षा के साथ आंशिक संशोधन किया जा सकता है । वही समस्त सगा समाज को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने अपील की है ।

